आमजन को स्वच्छ व निर्बाध पेयजल आपूर्ति हो सुनिश्चित : मंत्री चौधरी

भरतपुर, (निसं)। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि पेयजल परियोजनाओं को गति देते हुये गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करायें, जिससे आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर जिले में स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिये अधिकारियों को निरंतर मॉनिटरिंग कर समस्या के स्थाई समाधान के निर्देश दिए।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की पेयजल परियोजनाओं की प्रगति एवं पेयजल सप्लाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुये उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिये कृत संकल्पित है। अधिकारी सभी पेयजल परियोजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुये गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करायें। उन्होंने कहा कि शहरों की बढती आबादी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भविष्य के विस्तार को देखते हुये पेयजल परियोजनाओं में पेयजल आपूर्ति का प्लान तैयार करें। उन्होंने चम्बल-धौलपुर-भरतपुर परियोजना से वर्तमान में प्राप्त हो रहे 80 एमएलडी पानी के वितरण का सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी प्लान तैयार कर प्रत्येक आबादी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना के द्वितीय चरण में धौलपुर में चम्बल पर प्रस्तावित 135 एमएलडी के परियोजना को निर्धारित समय में पूरा करायें, जिससे भरतपुर शहर, गांव व डीग जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर आगामी दशकों तक दोंनो जिलों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सकेगी।

भरतपुर में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की पेयजल परियोजनाओं की प्रगति एवं पेयजल सप्लाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि जल-जीवन मिशन एवं अन्य सतही जल स्त्रोतों से पेयजल आपूर्ति के लिये प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करायें। जो भी संवेदक गुणवत्ता एवं टेंडर की शर्तों के अनुसार कार्य नहीं करें उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लायें। उन्होंने कहा कि पेयजल लाइन डालने के बाद सडकों की खुदाई का मेटेरियल बाहर डलवायें तथा पूर्ण भराव से पहले प्रेशर की जांच कर मिट्टी से ही भराव सुनिश्चित करायें। उन्होंने गांव में जल-जीवन मिशन के तहत खोदी गई सडकों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्व स्थिति के अनुसार करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से भी जल-जीवन मिशन एवं पेयजल परियोजनाओं के कार्यों की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करने का आव्हान किया।उन्होंने कहा कि पेयजल व्यवस्था के लिये बजट की कमी नहीं है जहां भी आवश्यकता हो हैण्डपम्प, सिंगलफेस अथवा थ्रीफेस का ट्यूवैल लगाकर आमजन को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करें। उन्होंने निर्धारित मापदण्ड के अनुसार ट्यूवैल नहीं लगाने वाले संवेदकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ट्यूवैल मापदण्डों के अनुसार नहीं लगाये जाने के कारण है उनमें शीघ्र ही पानी की कमी आ जाती है जिसके चलते पेयजल टंकियां एवं पाईपलाइन के तंत्र का भी सदुपयोग नहीं हो पाता है। उन्होंने जिले में सतही जल एवं परम्परागत जल स्त्रोतों, कुंओ-बावडियों में जल की उपलब्धता को देखकर उसकी साफ-सफाई एवं मरम्मत के प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परम्परागत जल स्त्रोतों में पानी को साफ कर मीठा एवं स्वच्छ पानी की सप्लाई की जा सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को चम्बल परियोजना के द्वितीय चरण में 246 गॉव एवं धौलपुर जिले के राजाखेडा तहसील के 390 गॉवों की पेयजल परियोजना की भी समीक्षा कर शीघ्र कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिये।जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करें। पेयजल की उपलब्धता सीमित है, घरेलू कार्यों के अलावा कृषि व अन्य कार्यों में उपयोग लेते पाये जाने पर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करायें। उन्होंने सभी अभियंताओं को पेयजल के नवीन कनेक्शनों में फैरूल का उपयोग अनिवार्य करने तथा पाईप लाइन डालते समय गुणवत्ता की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, बयाना विधायक डॉ ऋतु बनावत, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, पूर्व विधायक विजय बंसल, बच्चूसिंह बंशीवाल ने भी क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के बारे में सुझाव दिये। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने पेयजल परियोजनाओं की प्रगति, जल जीवन मिशन व पेयजल प्रबंधों के बारे में प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया।अतिरिक्त मुख्य अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मोहन लाल मीणा, चम्बल परियोजना के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुरेन्द्र शर्मा ने योजनाओं की प्रगति एवं पेयजल वितरण व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता चम्बल परियोजना एचके अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता जलदाय नरेन्द्र वर्मा सहित भरतपुर व डीग जिले के सभी अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता एवं परियोजना से जुडे अधिकारी उपस्थित रहे।

■ **द्वितीय चरण में धौलपुर में चम्बल पर प्रस्तावित 135 एमएलडी के परियोजना को निर्धारित समय में पूरा करायें'**

निवारण समिति की बैठक सम्पन्न

करौली, (निसं)। जिला स्तरीय निगरानी एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में गुरूवार कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 में गतवर्ष की तुलना में फसल बीमा की प्रगति की समीक्षा की एवं अधिक से अधिक पात्र किसानों को जागरूक कर योजना से जोडकर लाभान्वित करवाने के संबंध में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीडी शर्मा, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि एवं एलडीएम सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

इस दौरान करौली जिले में खरीफ एवं रबी हेतु अधिकृत फसले एवं बीमा इकाई, फसल बीमा योजना के तहत जोखिम की गणना एवं नुकसान के आंकलन हेतु नियुक्त संयुक्त समिति की कार्यवाही, खरीफ एवं रबी सीजन की फसल बीमा की 2018 से 2024 तक की स्थिति, खरीफ एवं रबी 2024 के दौरान बीमित क्षेत्र की बैंकवार स्थिति, केसीसी धारकों के बीमा कवरेज में सेच्युरेशन की बैंकवार तुलनात्मक स्थिति, केसीसी धारक किसानों की संख्या एवं उनकी तुलना में पीएम फसल बीमा योजना में पंजीकृत व ऑप्ट आउट किसानों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं जिला कलेक्टर ने केसीसी के तहत कृषकों द्वारा लिए गये विभिन्न ऋण योजनाओं में डिफॉल्टर्स की संख्या में कमी लाने के लिए बैंक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में खरीफ 2025 फसलों के लिए कृषकों के फसल बीमा पंजीकरण एवं फसल क्षेत्र बीमा कवरेज में वृद्धि की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया गया। जिला कलेक्टर ने बैंकर्स द्वारा योग्य ऋणी कृषकों की सूची बीमा कंपनी व कृषि कार्यालय को उपलब्ध करवाने के लिए एलडीएम विजय कुमार पाल को निर्देशित किया।

सार-समाचार

वक्फ कानून में बदलाव का विरोध

गंगापुर सिटी, (निसं)। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आव्हान पर गुरूवार को वक्फ संशोधन कानून 2025 के विरोध में जामा मस्जिद के बाहर धरना प्रदर्शन कर राष्ट्र पति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि वक्फ अधिनियम 1995 में किए गए नए संशोधन संविधान के अनुच्छेद 14, 25, 26 और 29 का उल्लंघन करते हैं। नए कानून के अनुसार, कोई व्यक्ति जो पिछले 5 वर्षों से मुस्लिम धर्म का पालन नहीं कर रहा है, वह अपनी संपत्ति वक्फ के रूप में दान नहीं कर सकता। साथ ही वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद के सदस्यों के लिए मुस्लिम होने की अनिवार्यता भी समाप्त कर दी गई है। कानून में एक अन्य महत्वपूर्ण बदलाव के तहत सरकार वक्फ भूमि पर अतिक्रमण के मामलों में मालिक बन सकती है। विवाद निपटाने की शक्ति नामित अधिकारी को दी गई है। चुनाव की जगह नामांकन व्यवस्था लागू की गई है। धरने में मो. हासिम, मौलाना इख्तियार, शैजल तव्वाब समेत कई वक्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा, एसपी राकेश राजौरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सहायक वनपाल को किया निलंबित

करौली, (निसं)। उपवन संरक्षक सुमित बंसल ने रेंज सपोटरा में तैनात सहायक वनपाल दिनेश चक्रधारी को निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही अवैध खनन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई है। क्षेत्रीय वन अधिकारी सपोटरा ने 19 मई को डीएफओ को भेजे गए पत्र में अवैध खनन की शिकायतों का उल्लेख किया गया था। मामले की जांच विचाराधीन है। राजस्थान असैनिक सेवा नियम 1958 के नियम 13 के तहत कार्रवाई करते हुए सहायक वनपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। सहायक वन संरक्षक, सपोटरा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। निलंबन अवधि में दिनेश चक्रधारी का मुख्यालय मंडल कार्यालय करौली रहेगा। उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता मिलेगा।गौरतलब है कि वन विभाग की मिलीभगत के चलते लंबे समय से ओबरा बस्ती,भरतून,खिरखिडा,बुद्धपुरा,कायमपुरा आदि में धड़ल्ले से अवैध खनन व परिवहन हो रहा है। खनन माफियाओं ने पहाड़ों को पूरी तरह छलनी कर दिया है।

सीएमएचओ ने ली बैठक

करौली, (निसं)। सीएमएचओ पद का अतिरिक्त कार्यभार संभालने के बाद डॉ. जयंतीलाल मीना ने सबसे पहले कार्यालय कर्मियों की स्वास्थ्य भवन परिसर में बैठक लेकर परिचय लिया और कार्य स्थिति से रूबरू हुए। इस मौके पर कार्यालय कर्मियों द्वारा माला और साफा पहनकर सीएमएचओ का हार्दिक स्वागत किया। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने कहा कि हमें परिवार के सदस्य हैं और हमें मिलकर कार्य करना होगा तभी हम जिल की स्थिति को सुदृढ़ कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक समन्वय के साथ कार्य करें, कोई भी परेशान होने पर अवगत कराए, प्रत्येक परेशानी का समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यालय के निर्धारित समय तक अपने-अपने दायित्व पर निर्वहन करें ,जिससे हम जिल को भली भांति मॉनिटरिंग कर पाए। उन्होंने कार्यालय कर्मियों द्वारा किए गए स्वागत को स्वीकार करते हुए कहा कि मुझे यहां आने के बाद अपने परिवार में आने जैसे अनुभूति हो रही है, मैं अपना दायित्व आप सभी के सहयोग से ही पूरा कर पाऊंगा, इसलिए आप सभी कार्मिक अपने अपने कार्यक्रमों में पूर्ण मनोयोग से कार्य कर समय पर रिपोर्टिंग करें जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके।

मालगाड़ी की चेपट से महिला की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। छोटी उदेई रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार सुबह एक महिला की मालगाडी की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मौसम बाई (35) पत्नी गंगाराम मीणा के रूप में हुई है। पीलौदा थाना अधिकारी ओमेंद्र सिंह के अनुसार, घटना सुबह करीब 8.30 बजे की है। मौसम बाई खम्मा नंबर 11.3/एफ/ 11.3 के पास रेलवे लाइन पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार मालगाडी की चपेट में आ गईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। उन्होंने पुलिस और मृतका के परिजनों को सूचित किया। पीलौदा थाना पुलिस ने शव को गवर्नमेंट हॉस्पिटल पीलौदा की मोर्चरी में पहुंचाया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शाम को शव उन्हें सौंप दिया गया।

ठगी का पांचवां आरोपी गिरफ्तार

करौली, (निसं)। करौली साइबर थाना टीम ने डिजिटल अरेस्ट के प्रकरण में 4.99.274 की ठगी के पांचवे आरोपी को मुंबई थाना से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर एवं जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम के सुपरविजन में साइबर थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है।

पोस्टर का हुआ विमोचन

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। भुसावर कस्बे सहित उपखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचल में मंगलवार 27 मई को कर्मफल दाता, सूर्यपुत्र और न्याय के देवता भगवान शनिदेव का प्रकटोत्सव (जन्मोत्सव), के उपलक्ष में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ घरों एवं मंदिरों में मनाया जाएगा।

जिसकी तैयारियो में भक्त मंडल, श्रद्धालु अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुसार जुट गए हैं। वही भुसावर कस्बे के हिंडौन सड़क मार्ग स्थित जन-जन की आस्था के केंद्र प्राचीन कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के प्रांगण में कोठी वाले हनुमान जी की असीम अनुकंपा एवं भक्त मंडल और जन सहयोग से सूर्यपुत्र शनिदेव जन्मोत्सव विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक करते हुए किया जाएगा। जिसकी तैयारियो को लेकर भक्त मंडल जुट गए हैं। वही कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के सेवक महेश चन्द शर्मा जति ने जानकारी देते हुए बताया कि शनि देव जन्मोत्सव 27, मई मंगलवार के उपलक्ष में धार्मिक कार्यक्रमों के पोस्टर पंपलेट का विधि विधान के साथ रोली,चावल, पुष्प मिष्ठान अर्पित करते हुए हनुमान जी,भगवान शनिदेव, देवी मां, विष्णु भगवान लक्ष्मी माता, शिव परिवार को अर्पित करते हुए विमोचन किया गया जहां आगामी 27 मई मंगलवार को शनि देव जन्मोत्सव के उपलक्ष में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए भगवान शनि देव की प्रतिमा को पंचतत्वो, तेल से अभिषेक पुष्प, फल अर्पित करते हुए आरती के बाद तेल से बनी मिठाई अथवा इमरती का भोग लगाया जाएगा। मंगलवार 27 मई को शनि देव जन्मोत्सव के उपलक्ष में दोपहर 2रू00 बजे महिला भक्त मंडल द्वारा सत्संग, भजन, कीर्तन ढोलक, झांझ मंजीरा की थाप पर भजनों के माध्यम से सूर्यपुत्र शनिदेव और हनुमान जी, ठाकुर जी को रिंझाया।

समर कैंप का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। मॉम्स वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। मॉम्स वेलफेयर सोसाइटी से रितु अनुराग गर्ग व अध्यक्ष पायल गोयल ने बताया गर्मियों की छुट्टियों के बीच समर कैंप की शुरुआत हुई। इस दौरान बच्चों को आर्ट, योग, नृत्य, गीत संगीत व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

मिस इंडिया योगा अकैडमी से मुनिश चौधरी ने ने फीता काटकर समर कैंप का शुभारंभ किया। समर कैंप के दौरान बच्चों को सूर्य नमस्कार, वृक्षासन कपालभांति, अनुलोम-विलोम तथा तितली आसन जैसे कई योगाभ्यास कराया उपाध्यक्ष बबीता जैन ने बताया बच्चों ने जो हुनर सीखे हैं, उसे जीवन में अपनाएं। सीखी हुई कला का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करें, जिससे बच्चों के भविष्य में निखार आएगा।

तिरंगा यात्रा में गूंजे सेना के जयकारे

करौली, (निसं)। जिला मुख्यालय पर गुरूवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ जिसमे सैकड़ो की संख्या बड़े बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं शामिल रही।

तिरंगा यात्रा सयोंजक सुरेश शुक्ला व जिला सयोंजक जीतू शुक्ला के अनुसार तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन सहित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के प्रभारी भानु प्रताप सिंह, भरतपुर संभाग के संगठन प्रभारी हेमराज मीना, सहप्रभारी सोमकांत शर्मा,जिला संगठन प्रभारी प्रेम प्रकाश शर्मा,करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,सपोटरा विधायक हंसराज बालोती विशेष रूप से उपस्थित रहे तिरंगा यात्रा में आगे बच्चे और महिलाये हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे उसके बाद आमजन और अंतिम पंक्ति में कार्यक्रम के सयोंजक सहित विभिन्न पदाधिकारी चल रहे जों भारतीय सेना के सम्मान में भारत माता की जय,वन्देमातरम,भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे जों त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम से शहर के हिंडौन गेट, फूटाकोट तिराहा होकर सदर बाजार, वजीरपुर गेट होते हुए कलेक्ट्री सर्किल पर जाकर समाप्त हुई यात्रा का विभिन्न चैराहो पर शहरवासियों की तरफ से पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया जिससे शहर का माहौल देशमय हो गया चारों तरफ भारतीय सेना के सम्मान में लोग एकजुट नजर आये और भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम कों नमन करते नजर आये यात्रा के दौरान हर वर्ग समुदाय सहित विभिन्न समाजिक संगठनो के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि, धीरेन्द्र बैंसला, इंदुदेवी, सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

करौली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरती तिरंगा यात्रा।

ट्रांसफॉर्मर में आग

करौली, (निसं)। बुधवार रात तेज अंधड़ और हल्की बारिश के दौरान मंडरायल स्थित 33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के कारण जीएसएस के दोनों ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। सब-स्टेशन पर तैनात बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तुरंत मौके से बाहर निकलकर जान बचाई।

आपदाओं से निपटने हेतु किया जागरूक

करौली, (निसं)। गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के जिला कमाण्डेन्ट रामगोपाल सागर ने बताया कि राज्य आपदा प्रतिसाद बल, सी कम्पनी भरतपुर राजस्थान पुलिस की टीम कम्पनी कमाण्डर नरपत सिंह के निर्देशन में एवं प्लाटून कमाण्डर पुष्पेन्द्र के नेतृत्व में डेमो टीम के द्वारा गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र करौली में गुरूवार को विभिन्न तरह की आपदाओं जैसे बाढ़ भूकम्प रोड़ दुर्घटना एलपीजी सलेण्डर,सीपीआर के साथ-साथ भारत पाकिस्तान के बिच चल रहे तनाव के कारण भविष्य में आने वाली परेशानियों से बचाव हेतू जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि यह कार्यक्रम होमगार्ड स्वयंसेवको के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा एसडीआरएफ के कुशल प्रशिक्षकों की टीम के द्वारा सरल एवं आसान भाषा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कमाण्डेन्ट ने समस्त होमगार्ड स्वयंसेवकों को टीम द्वारा दिए गए डेमो के अनुरूप आवश्यकता पड़ने पर बचाव एवं राहत कार्यवाही किये जाने हेतु आगाह किया। उक्त प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ सहायक पृथ्वीराज शर्मा,कनिष्ठ सहायक पुष्पेन्द्र,आरक्षी मानप्रकाश एवं इस केन्द्र द्वारा चलाये जा रहे पुन: प्रशिक्षण के सभी होमगार्ड स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

आंगनवाड़ी केन्द्र बच्चों के भविष्य की नींव : उत्सव कौशल

डीग/भरतपुर, (निसं)। जिले में बढ़ती गर्मी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डीग उत्सव कौशल बुधवार व गुरुवार को कुम्हेर उपखंड के दौरे पर रहे। आम जनता तक प्रशासन के लाभ को पहुंचाने की मंशा से उन्होंने रात्रि विश्राम पंचायत ट्रेनिंग सेंटर बैलारा में किया। 'तमरेर व बोरई में किया गया मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन कार्यों का निरीक्षण' जिलेवासियों को मौसमी बीमारियों से निजात दिलाने, पर्याप्त पेयजल सुनिश्चित करने, विद्युत आपूर्ति, सर्वोतम पोषण, छायादार शेड, वृक्षारोपण व वृक्षरक्षण सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने कुम्हेर उपखंड के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय, उप जिला चिकित्सालय, जेवीवीएनएल कार्यालय, पंचायत समिति, अन्नपूर्णा रसोई, बस स्टैंड प्याऊ, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन कार्य तमरेर व बोरई, मांढ़ेरा नर्सरी सहित अन्य राजकीय कार्यों एवं स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सुविधाओं को दुरुस्त रखने के जरूरी दिशा-निर्देश दिए। 'आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के भविष्य की नींव हैं। उन्होंने बुधवार को आंगनवाड़ी केंद्र कुम्हेर एवं गुरुवार को प्रात: ही नगला मांझी के आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर द्वारा बच्चों को मिल रही पोषण, स्वास्थ्य जांच एवं विकासात्मक गतिविधियों की स्थिति का जायजा लिया गया।

■ **'फील्ड में रहकर करें आमजन की समस्याओं का समाधान'**

कलेक्टर ने जलदाय विभाग, अन्नपूर्णा रसोई, अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश दिये। उन्होने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के भविष्य की नींव है, यही से बच्चों में शिक्षा, संस्कार एवं स्वच्छता का उदय होता है। आंगनवाड़ी केंद्र में निरीक्षण कर आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों का वजन व हाइट को लेकर उनकी पोषण स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमें मौसम के अनुकूल व पौष्टिक आहार लेना चाहिए। बच्चे एक ही तरह के आहार के बजाय विभिन्न प्रकार के पोष्टिक आहार के प्रति आकर्षित होते हैं। माताएं अपने बच्चों को पौष्टिक व मौसमी फल सब्जियों से भरपूर आहार सलाद दूध इत्यादि सही मात्रा व रुचि पूर्ण तरीके से बना कर दें, ताकि बच्चे भोजन की सही आदतों के प्रति आकर्षित हो।'स्वच्छ वातावरण रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी'

आगामी मानसून के दृष्टिगत श्री कौशल ने मांढ़ेरा के नर्सरी का निरीक्षण किया और डीग जिले में हरियालो राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए पौधों की इन्वेंटरी को देख स्वस्थ, मजबूत और रोग-मुक्त पौधों के संधारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान स्वच्छता एवं पौधारोपण में देश में अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने आमजन से अपील कि की वे अधिक से अधिक पौधारोपण करें। साथ ही, स्वच्छता के प्रति जागरूक होते हुए पॉलिथीन का उपयोग न करने का संकल्प लें।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार आमजन को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाने के लिए कुम्हेर बस स्टेंड स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कुम्हेर बस स्टेंड पर ही नगर पालिका द्वारा संचालित प्याऊ का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान मटकों को साफ रखने, ठंडा पानी सुनिश्चित करने एवं छायादार बैठक व्यवस्था प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। श्री अन्नपुर्णा रसोई संचालकों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाते हुए पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। भोजन का मेन्यू उचित स्थान पर प्रदर्शित करते हुए स्वच्छ पानी, बिजली, मौसम के अनुसार सब्जी, बर्तन धोने की जगह सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर कुम्हेर में जेवीवीएनएल कार्यालय एवं पीएचईडी कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

आठ घंटे तक करौली धौलपुर हाईवे रहा जाम

करौली, (निसं)। भरतपुर की सेवर जेल में बंद पॉक्सो आरोपी राजवीर ने बैरिक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक नाहरगढ़,करौली का रहने वाला था। इस घटना के विरोध में परिजनों और ग्रामीणों ने करौली-सरमथुरा मार्ग स्थित एनएच-23 पर गुरूवार प्रात::कोंडर मोड़ के पास जाम लगाकर धरना दिया।

ज्ञात रहे कि पोस्को आरोपी राजवीर कुछ दिन पहले आरबीएम अस्पताल, भरतपुर से फरार हो गया था। जिसे करौली पुलिस ने पकड़कर भरतपुर पुलिस को सौंपा था। गत दो दिन पूर्व ही उसे न्यायिक हिरासत में सेवर जेल भेजा गया था। परिजन जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। उनकी मांग है कि सेवर जेल के स्टाफ और मामचारी थाना अधिकारी को निलंबित किया जाए। साथ ही 50 लाख रुपए मुआवजा, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी और घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग कि गई धरना स्थल पर पूर्व मंत्री रमेश चंद मीना,पूर्व विधायक लाखन सिंह मीना और जिला प्रमुख प्रतिनिधि रक्षी लाल बैरवा पहुँचे वही प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिड़वाल, उपजिला कलेक्टर प्रेमराज मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम जाट सहित कई थानो कि पुलिस मौके पर तैनात रही कई बार कि गई समझाई'ा के बाद भी परिजनो और ग्रामीण नही माने और मांगों पर अडे रहे जिस पर पूर्व मंत्री रमेश मीणा और पूर्व विधायक करौली लाखन मीणा करौली कलेक्ट्रेट पहुंचे।

बिजली समस्या से परेशान ग्रामीणों ने जीएसएस पर किया प्रदर्शन

रूदावल में बिजली समस्या से परेशान ग्रामीणों ने जीएसएस पर प्रदर्शन किया।

रुदावल/भरतपुर, (निसं)। रुदावल तहसील क्षेत्र के गांव नगला तुला में आए दिन विजली की लाइन के फॉल्ट होने एवं वोल्टेज की समस्या से परेशान ग्रामीणों का गुरुवार को गुस्सा फूट गया। बिजली समस्या से परेशान गुस्साए गांव नगला तुला के ग्रामीणों ने पूर्व उप प्रधान सत्यप्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में रुदावल जीएसएस पर पहुंचकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने विजली घर अन्य फीडरों की सप्लाई को भी बंद करा दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे जेईएन ने ग्रामीणों से समझाइश कर शीघ्र ही बिजली समस्या के समाधान का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। इसके बाद विजली सप्लाई शुरू हो सकी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में डली हुई विद्युत केबिल क्षितिग्रस्त है जिससे आए दिन विद्युत केबिल टूट कर गिरती है जिससे हादसे का भय बना रहता है। वहीं बिजली के वोल्टेज सही नहीं मिलने से विद्युत उपकरण आए दिन खराब होते रहते हैं। समस्या के समाधान के लिए पूर्व में भी ग्रामीणों की ओर विभागीय अधिकारियों अवगत कराया गया लेकिन कोई समाधान नहीं सका। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों की मांग पर विजली विभाग के अधिकारियों ने शीघ्र ही केबिलों का बदलने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जीएसएस पर अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व उप प्रधान सत्य प्रकाश गुर्जर, अरविंद शर्मा, डोड़ी राम, तारा, रामनिवास, मुकेश सिंह, राजू, रामवीर, शिवराम, राधे कटारा, लक्ष्मी चंद, बहादुर, बाबू, बीरो, बंसो, धर्म सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

■ **समस्या समाधान के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण**